# 161 नए ऑक्सीजन प्लांट लगेंगे

## भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार करें प्लान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि में ऑक्सीजन की व्यवस्था की नियमित निगरानी जरूरी है। पीएम केयर्स के सहयोग से 161 नए ऑक्सीजन प्लांट तैयार किए जा रहे हैं। इसका फायदा भविष्य में भी मिलेगा। प्लांट को जल्द से जल्द तैयार कराया जाए।



टीम 9 के साथ ऑक्सीजन की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहां कि पीएम केयर्स के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही भारत सरकार ने जिला मुख्यालयों पर क्रियाशील सभी सरकारी अस्पतालों पर प्लांट स्थापना के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। ऐसे में जिला मुख्यालयों पर क्रियाशील जिला अस्पतालों, महिला चिकित्सालयों, सीएचसी स्तर पर आक्सीजन प्लांट स्थापना के प्रस्ताव तत्काल भेजा जाय। इस प्रकार पीएम केयर्स के सहयोग से 161 नवीन ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना होने का फायदा भविष्य में मिलेगा।

### धार्मिक मान्यता के अनुरूप हो अंत्येष्टि

प्रदेश में संक्रमण की वजह से हुई मौत पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मृतकों के परिजनों के प्रति प्रदेश सरकार की संवेदनाएं हैं। अंत्येष्टि की क्रिया मृतक की धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप ससम्मान किया जाए।

### निरक्षर, दिव्यांग और निराश्रितों का कॉमन सर्विस सेंटर पर होगा पंजीयन

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि निरक्षर, दिव्यांग और निराश्रित लोगों के टीकाकरण पंजीयन के लिए पुख्ता इंतजाम किया जाए। इनका पंजीयन कॉमन सर्विस सेंटर पर कराया जाए। कोरोना नियंत्रण के लिए बनी टीम 9 की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का एक भी नागरिक कोविड टीका-कवर से वंचित न हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किया जाना आवश्यक है। निरक्षर, दिव्यांग, निराश्रित अथवा अन्य जरूरतमंद लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित कराने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर पर टीकाकरण पंजीयन की सुविधा प्रदान कराई जाए। ब्यूरो